New Delhi [India], October 23 (ANI): The National Human Rights Commission (NHRC) has issued a notice to the Madhya Pradesh government over a complaint alleging that children were offered money to participate in a yatra led by former Chief Minister and Congress leader Digvijaya Singh and raise objectionable political slogans. NHRC Member Priyank Kanoongo said the commission had directed the Chief Secretary and the Director General of Police (DGP) of Madhya Pradesh to conduct a proper investigation into the allegations and submit a report within 15 days.

"We have received a complaint alleging that Digvijaya Singh has initiated a march and has been exploiting children to increase the size of the crowds participating in it. The complainant has suggested that children might be involved through some arrangement, possibly involving monetary payments," Kanoongo said. He further stated that the complaint alleged that children were being made to raise objectionable political slogans during the march.

Commission Demands Action Taken Report

"Furthermore, the complainant has alleged that Digvijaya Singh is having children chant objectionable political slogans. Acting on this complaint, we have issued notices to the Chief Secretary and the Director General of Police (DGP) of Madhya Pradesh, directing them to conduct a proper investigation into the matter and submit a report to us. We have granted them a period of 15 days to do so," he added.

The NHRC has sought an Action Taken Report from the state authorities after examining the complaint and directed them to investigate the allegations. The commission's notice seeks a report on the action taken by the authorities within the stipulated period.

Investigation Into Online Content

The complaint also raised concerns over the alleged involvement of children in the political march, including claims that they may have been brought in through monetary arrangements and made to chant political slogans.

The Ministry of Electronics and Information Technology (MeitY) has also been asked to investigate the alleged online circulation of videos and photographs featuring the children.

Source: https://bansalnews.com/madhya-pradesh/ujjain/digvijay-singh-yatra-nhrc-notice-satya-sanatan-swabhiman-yatra-ujjain-ayodhya-pds-12740063/amp

Digvijay Singh Yatra NHRC Notice: दिग्विजय सिंह की यात्रा पर NHRC की कार्रवाई, बच्चों से नारे लगवाने पर मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

Digvijay Singh Yatra NHRC Notice: मध्य प्रदेश (Madhya Pradesh News) पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की यात्रा में बच्चों को शामिल करने और उनसे राजनीतिक नारे लगवाने के आरोपों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग यानी NHRC ने संज्ञान लेते हुए मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

23 Oct 2026 08:45 IST Preeti Dwivedi

Digvijay Singh Yatra NHRC Notice: मध्य प्रदेश (Madhya Pradesh News) पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की यात्रा में बच्चों को शामिल करने और उनसे राजनीतिक नारे लगवाने के आरोपों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग यानी NHRC ने संज्ञान लेते हुए मामले की जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही इस मामले में दो सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट (ATR) प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

आयोग की ओर से ये नोटिस मध्यप्रदेशके मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (DGP) को जारी किया गया है। आयोग के पत्र के अनुसार शिकायतकर्ता का आरोप है कि दिग्विजय सिंह की यात्रा में बच्चों से राजनीतिक नारे लगवाए गए। इस कथित घटना के वीडियो और तस्वीरें 22 अक्टूबर को फेसबुक (FaceBook) पर साझा किए जाने का भी उल्लेख शिकायत में किया गया है।

बच्चों को पैसे का लालच देकर यात्रा में लाने का आरोप उन पर लगा है। जिसके बाद MP मुख्य सचिव, DGP को नोटिस जारी कर 2 हफ्ते में रिपोर्ट मांगी गई है। बच्चों से नारे लगवाते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। उसके बाद ये कार्रवाई हुई है।

बाल अधिकारों के उल्लंघन के आरोपों की जांच
राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने बच्चों के अधिकारों के उल्लंघन से जुड़ी शिकायत पर संज्ञान लिया है। आयोग की सदस्य प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता वाली पीठ ने संरक्षण मानवाधिकार अधिनियम, 1993 की धारा 12 के तहत मामले की सुनवाई की। आयोग ने शिकायत में लगाए गए आरोपों को प्रथम दृष्टया बच्चों के अधिकारों के उल्लंघन से जुड़ा मामला माना है।

आयोग ने मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (DGP) को शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। जांच के दौरान यह भी पता लगाया जाएगा कि क्या बच्चों को पैसे देकर यात्रा में शामिल किया गया था या किसी अन्य तरीके से उनका इस्तेमाल हुआ। इसके अलावा, मामले में बाल संरक्षण से जुड़े कानूनों के संभावित उल्लंघन की भी पड़ताल की जाएगी। जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय हो सकेगी।

70 दिन की यात्रा में 40 लाख खर्च का अनुमान
यात्रा के दौरान प्रतिदिन करीब 15 किलोमीटर पैदल चलने की योजना है।

पहले दिन लगभग 3 हजार लोगों और आगे के पड़ावों पर रोजाना 1,000 से 1,500 यात्रियों के शामिल होने की संभावना है।

यात्रा में प्रतिदिन औसतन 30 से 50 हजार रुपए खर्च होने का अनुमान है।

कुल खर्च 30 से 40 लाख रुपए तक पहुंच सकता है। भोजन, नाश्ते और ठहरने की व्यवस्था स्थानीय सहयोगी करेंगे।

Source: https://khabargaon.com/national/nhrc-notice-over-use-of-children-in-digvijay-singh-sanatan-swabhiman-yatra/37295

दिग्विजय की यात्रा में बच्चों ने लगाए 'चंदा चोर' के नारे, NHRC ने भेज दिया नोटिस
देश खबरगांव डेस्क • UJJAIN 23 Oct 2026, (अपडेटेड 23 Oct 2026, 8:20 AM IST)

कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की यात्रा में कुछ बच्चे नारेबाजी कर रहे थे। इसी मामले में NHRC ने अब मध्य प्रदेश सरकार को नोटिस जारी करके 2 हफ्ते में जवाब देने को कहा है।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह इन दिनों उज्जैन से अयोध्या तक की यात्रा निकाल रहे हैं। इस 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' को सिर्फ 3 दिन हुए हैं लेकिन अब यह विवादों में आ गई है। इस यात्रा में बच्चों से नारे लगवाने के मामले पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने संज्ञान लिया है। NHRC ने इस बारे में मध्य प्रदेश सरकार को एक नोटिस भेजा है। NHRC ने मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को कहा है कि वे इस मामले में जांच करें और कार्रवाई के बारे में 2 हफ्ते के अंदर सूचना दें।

NHRC की ओर से जारी नोटिस मध्य प्रदेश सरकार के साथ-साथ केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के सचिव को भी भेजा गया है। उस केस में उनसे भी जवाब मांगा गया है। मध्य प्रदेश के DGP और चीफ सेक्रेटरी को जारी नोटिस में कहा गया है कि वे इसकी जांच करके 2 हफ्ते में बताएं कि क्या कार्रवाई की जाए।

बता दें कि 3 दिन पहले शुरू हुई यह यात्रा अभी मध्य प्रदेश में ही है। गुरुवार को की गई सोशल मीडिया पोस्ट के मुताबिक, यह यात्रा का तीसरा दिन था और उज्जैन के तराना नगर में विश्राम हुआ। आने वाले दिनों में यह यात्रा मध्य प्रदेश के बाद उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी और उत्तर प्रदेश के अयोध्या तक जाएगी।

क्या है विवाद?
वायरल हुई तस्वीरों और वीडियो में देखा जा सकता है कि दिग्विजय सिंह की इस यात्रा में बच्चे भी शामिल हुए। कुछ तस्वीरों में देखा जा सकता है कि बच्चों के हाथ में तख्तियां है जिन पर नारे लिखे हैं। दिग्विजय सिंह की टीम की ओर से ही पोस्ट किए गए एक वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ नाबालिग बच्चे और बच्चियां नारे लगा रहे हैं। ये नारे हैं, 'चंदा चोर कहां मिलेगा बीजेपी के दफ्तर में। वोट चोर कहां मिलेगा- बीजेपी के दफ्तर में। किसानों की मदद कौन करेगा- राजा साहब, राजा साहब। रानी तुम संघर्ष करो- हम तुम्हारे साथ हैं।'

गुरुवार यानी 22 अक्तूबर को अपलोड किए गए इस वीडियो में देखा जा सकता है कि यह नारेबाजी दिग्विजय सिंह की पत्नी अमृता राय के सामने ही लगाए जा रहे थे लेकिन उन्होंने भी बच्चों के नारे लगाने पर कोई एतराज नहीं जताया है। तस्वीरों में भी देखा जा सकता है कि यही बच्चे नारों वाली तख्तियां लेकर अमृता राय के साथ खड़े हैं।

बता दें कि दिग्विजय सिंह मध्य प्रदेश के गुना जिले की राघोगढ़ के राज परिवार से आते हैं। इसीलिए उनके समर्थक अक्सर उन्हें 'राजा साहब' कहकर बुलाते हैं। इन वीडियो में देखा जा सकता है कि दिग्विजय सिंह के लिए भी इसी तरह के नारे लगाए जा रहे हैं।

Source: https://www.amarujala.com/madhya-pradesh/bhopal/mp-nhrc-seeks-report-on-complaint-alleging-children-raised-slogans-during-digvijaya-singh-s-yatra-2026-10-23

Hindi News › Madhya Pradesh › Bhopal News › MP: NHRC Seeks Report on Complaint Alleging Children Raised Slogans During Digvijaya Singh's Yatra

एमपी: दिग्विजय सिंह की यात्रा में बच्चों से नारे लगवाने की शिकायत, मानवाधिकार आयोग ने मांगी रिपोर्ट
न्यूज डेस्क, अमर उजाला, भोपाल Published by: Anand Pawar Updated Fri, 23 Oct 2026 09:16 AM IST

सार

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की यात्रा में बच्चों से कथित तौर पर राजनीतिक नारे लगवाने और उन्हें पैसे देकर शामिल कराने की शिकायत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव और डीजीपी से दो सप्ताह में जांच रिपोर्ट मांगी है, जबकि बच्चों के वीडियो और तस्वीरों के इस्तेमाल की जांच के निर्देश भी दिए हैं।

विस्तार

Follow Amar Ujala on Google NewsAdd as a preferred
source on google

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की यात्रा में बच्चों से कथित तौर पर राजनीतिक नारे लगवाने के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने संज्ञान लिया है। आयोग ने मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को शिकायत की जांच कर दो सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) पेश करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने बच्चों को पैसे देकर यात्रा में शामिल कराने के आरोपों और बाल संरक्षण कानूनों के संभावित उल्लंघन की भी जांच करने को कहा है। आयोग के 22 अक्टूबर 2026 के पत्र के अनुसार, शिकायत में आरोप लगाया गया था कि दिग्विजय सिंह की यात्रा में बच्चों का इस्तेमाल किया गया और उनसे राजनीतिक नारे लगवाए गए। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि घटना से संबंधित वीडियो और तस्वीरें 22 अक्टूबर को फेसबुक पर साझा की गई थीं। इसमें आशंका जताई गई कि बच्चों को पैसे देकर यात्रा में लाया गया हो सकता है। शिकायतकर्ता ने मामले की जांच कर आयोजन से जुड़े जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की थी।

मुख्य सचिव और डीजीपी को नोटिस
राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता वाली पीठ ने मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 12 के तहत मामले में संज्ञान लिया। आयोग ने मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव और डीजीपी को आरोपों की जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को यह भी जांचना होगा कि बच्चों को आर्थिक प्रलोभन देकर किसी गतिविधि में शामिल तो नहीं किया गया और क्या इस मामले में बाल संरक्षण से जुड़े कानूनों का उल्लंघन हुआ है।

बच्चों के वीडियो और तस्वीरों की भी जांच
आयोग ने केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव को भी मामले में कार्रवाई रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। मंत्रालय को बच्चों के कथित वीडियो और तस्वीरों के इस्तेमाल से जुड़े पहलुओं की जांच करने को कहा गया है। आयोग ने संबंधित अधिकारियों को जांच रिपोर्ट की प्रति ईमेल के माध्यम से भी भेजने के निर्देश दिए हैं। आयोग के सहायक रजिस्ट्रार (विधि) बृजवीर सिंह की ओर से जारी पत्र में संबंधित अधिकारियों से पत्र प्राप्त होने के दो सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। फिलहाल, शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच होनी है। आयोग के संज्ञान लेने का अर्थ आरोपों की पुष्टि होना नहीं है।

Source: https://in.headtopics.com/news/23422367232723810859 9-89092704

दिग्विजय सिंह की यात्रा: बच्चों से नारे लगवाने के आरोप पर मानवाधिकार आयोग सख्त, दो सप्ताह में मांगी रिपोर्ट
📆 22-10-2026 22:26:00

दिग्विजय सिंह की यात्रा: बच्चों से नारे लगवाने के आरोप पर मानवाधिकार आयोग सख्त, दो सप्ताह में मांगी रिपोर्ट
दिग्विजय सिंह की यात्रा: बच्चों से नारे लगवाने के आरोप पर मानवाधिकार आयोग सख्त, दो सप्ताह में मांगी रिपोर्ट राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दिग्विजय सिंह की यात्रा में बच्चों को शामिल करने और उनसे राजनीतिक नारे लगवाने के आरोपों पर संज्ञान लिया है। आयोग ने मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव और डीजीपी से दो सप्ताह में जांच रिपोर्ट मांगी है। बच्चों को पैसे देने और कानूनों के उल्लंघन की भी जांच होगी।पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की यात्रा में बच्चों को शामिल करने और उनसे राजनीतिक नारे लगवाने के आरोपों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर मामले की जांच कराने तथा दो सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। बच्चों को यात्रा में शामिल करने के लिए पैसे दिए जाने के आरोपों की जांच करने को भी कहा गया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के 22 अक्टूबर 2026 के पत्र के अनुसार, शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि दिग्विजय सिंह की यात्रा में बच्चों का इस्तेमाल किया गया और उनसे राजनीतिक नारे लगवाए गए। शिकायत में कहा गया कि कथित घटना से जुड़े वीडियो और तस्वीरें 22 अक्टूबर को फेसबुक पर साझा किए गए थे। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई कि बच्चों को पैसे देकर यात्रा में लाया गया हो सकता है। इसे बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन बताते हुए जांच और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई थी।मुख्य सचिव और डीजीपी को जांच के निर्देश आयोग ने शिकायत में लगाए गए आरोपों को प्रथम दृष्टया बच्चों के अधिकारों के उल्लंघन से जुड़ा मामला माना है। आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता वाली पीठ ने मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 12 के तहत मामले में संज्ञान लिया है। आयोग ने मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिए हैं कि शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच कराई जाए और दो सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। जांच में यह भी पता लगाने को कहा गया है कि क्या बच्चों को किसी तरह का आर्थिक प्रलोभन देकर यात्रा में शामिल किया गया था। इसके साथ ही बच्चों के संरक्षण से जुड़े लागू कानूनों के संभावित उल्लंघन की भी जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।आयोग ने केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव को भी मामले में कार्रवाई रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। मंत्रालय को बच्चों के कथित वीडियो और तस्वीरों के इस्तेमाल से जुड़े पहलुओं को देखने के लिए कहा गया है। आयोग के पत्र में संबंधित अधिकारियों से निर्धारित अवधि में रिपोर्ट भेजने को कहा गया है, ताकि मामले में आगे विचार किया जा सके। फिलहाल आयोग के निर्देश शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच और रिपोर्ट प्रस्तुत करने से संबंधित हैं। पत्र में आरोपों को सिद्ध घोषित नहीं किया गया है।

हम डाटा संग्रह टूल्स, जैसे की कुकीज के माध्यम से आपकी जानकारी एकत्र करते हैं ताकि आपको बेहतर और व्यक्तिगत अनुभव प्रदान कर सकें और लक्षित विज्ञापन पेश कर सकें। अगर आप साइन-अप करते हैं, तो हम आपका ईमेल पता, फोन नंबर और अन्य विवरण पूरी तरह सुरक्षित तरीके से स्टोर करते हैं। आप कुकीज नीति पृष्ठ से अपनी कुकीज हटा सकते है और रजिस्टर्ड यूजर अपने प्रोफाइल पेज से अपना व्यक्तिगत डाटा हटा या एक्सपोर्ट कर सकते हैं।

Source: https://www.abplive.com/states/bihar/bihar-nalanda-family-members-of-died-patient-complain-against-doctor-in-nhrc-ann-3205408/amp

नालंदा: मरीज की मौत मामले में डॉक्टर की बढ़ी टेंशन! NHRC पहुंचे परिजन
अमृतेश कुमार | 22 Oct 2026 05:29 PM (IST)

संतोष प्रसाद सिन्हा सोहसराय थाना क्षेत्र के सलेमपुर निवासी थे. 28 अगस्त को इलाज के दौरान उनकी मौत हुई थी. मामले की जांच डीएसपी रैंक के अधिकारी से कराने की मांग की गई है.

नालंदा के बिहार थाना अंतर्गत एक प्राइवेट हॉस्पिटल में 28 अगस्त को डॉ. बालमुकुंद के यहां इलाजरत मरीज संतोष प्रसाद सिन्हा (उम्र करीब 55-56 साल) की मौत हो गई थी. परिजनों ने डॉक्टर पर इलाज के दौरान लापरवाही का आरोप लगाया था. अब मामला राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तक पहुंच गया है. पीड़ित परिवार की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई है और निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है. गुरुवार (22 अक्टूबर, 2026) को पीड़ित परिवार की ओर से इस बारे में मीडिया को जानकारी दी गई. पीड़ित परिवार के सदस्य सौरभ कुमार सिन्हा ने बताया कि पिछले दिनों राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में इसकी शिकायत दर्ज कराई गई है.

क्या है पूरा मामला?

इस मामले में सारे थाना इलाके के बहादी बिगहा गांव निवासी सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता ब्रजेश सिंह पीड़ित परिवार को कानूनी सहायता उपलब्ध करा रहे हैं. शिकायत के अनुसार मृतक संतोष प्रसाद सिन्हा सोहसराय थाना क्षेत्र के सलेमपुर निवासी थे. शिकायत में कहा गया है कि मरीज के उपचार के दौरान क्रॉस-मैचिंग समेत आवश्यक चिकित्सीय प्रोटोकॉल का कथित तौर पर पालन नहीं किया गया. गलत इंजेक्शन दिया गया. स्थिति तेजी से बिगड़ने लगी और फिर मौत हो गई.

डीएसपी रैंक के अधिकारी से जांच की मांग

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि मरीज में एनाफिलेक्सिस यानी गंभीर एलर्जिक रिएक्शन के संकेत दिखाई देने के बावजूद समय रहते आवश्यक आपातकालीन उपचार नहीं किया गया था. अधिवक्ता ब्रजेश सिंह ने बिहार मेडिकल सर्विसेज इंस्टीट्यूशंस एंड पर्सन्स प्रोटेक्शन एक्ट, 2011 की धारा 6 का हवाला देते हुए मामले की जांच डीएसपी रैंक के अधिकारी से कराने की मांग की है. उनका कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच निष्पक्ष तरीके से होनी चाहिए ताकि घटना से जुड़े सभी तथ्यों और परिस्थितियों का पता लगाया जा सके. उन्होंने जिलाधिकारी से एक स्वतंत्र मेडिकल बोर्ड गठित करने की भी मांग की है. इस मामले में बिहार थाना में भी इलाज में लापरवाही और गलत इंजेक्शन दिए जाने के आरोपों को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई है.

Source: https://www.naidunia.com/madhya-pradesh/bhopal-nhrc-takes-action-regarding-digvijaya-singh-visit-issues-notices-to-chief-secretary-and-dgp-8471677

दिग्विजय सिंह की यात्रा पर NHRC का एक्शन, बच्चों से नारे लगवाने पर मुख्य सचिव और DGP को नोटिस जारी

दशहरा के दिन उज्जैन से अयोध्या के लिए शुरू हुई कांग्रेस नेता व पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा का राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है।

By naman Mishra Edited By: Mohan Kumar
Publish Date: Thu, 22 Oct 2026 09:07:38 PM (IST)
Updated Date: Thu, 22 Oct 2026 09:09:07 PM (IST)

HighLights

दिग्विजय की यात्रा पर मानवाधिकार आयोग का मुख्य सचिव व डीजीपी को नोटिस

आयोग ने दो सप्ताह में मांगा जवाब, कहा- बच्चों से कराई जा रही नारेबाजी

शिकायतकर्ता ने बाल अधिकारों से जुड़े कानूनी प्रावधानों के उल्लंघन का आरोप लगाया

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल। दशहरा के दिन उज्जैन से अयोध्या के लिए शुरू हुई कांग्रेस नेता व पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा का राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। यात्रा के दौरान स्कूली बच्चों से नारा लगवाने पर आयोग ने मप्र के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब मांगा है। आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो की पीठ ने कहा है कि शिकायत मिली है कि मप्र की सीमा में यात्रा के दौरान बच्चों का इस्तेमाल किया गया। उनसे राजनीतिक नारे लगवाए गए। इसका वीडियो और तस्वीरें इंटरनेट मीडिया पर साझा की गई हैं। आशंका है कि बच्चों को यात्रा में शामिल करने के लिए पैसे दिए गए होंगे। शिकायतकर्ता ने बाल अधिकारों और संरक्षण से जुड़े कानूनी प्रावधानों के उल्लंघन का आरोप लगाया है, इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव से भी कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। बता दें कि दिग्विजय उज्जैन से अयोध्या तक करीब 1000 किमी की यह यात्रा 70 दिनों में पूरी करेंगे।

Source: https://www.jagran.com/madhya-pradesh/bhopal-nhrc-notice-to-mp-over-digvijaya-singh-yatra-child-use-40413377.html

दिग्विजय सिंह की यात्रा में स्कूली बच्चों के इस्तेमाल की शिकायत, NHRC ने MP के मुख्य सचिव व DGP को भेजा नोटिस
By Digital Desk Edited By: Ravindra Soni
Published: Thu, 22 Oct 2026 10:00 PM (IST)

कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' में स्कूली बच्चों के इस्तेमाल पर विवाद खड़ा हो गया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव और डीजीपी को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब मांगा है।

HighLights

यात्रा में स्कूली बच्चों से राजनीतिक नारे लगवाने का आरोप।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने MP सरकार को नोटिस भेजा।

बच्चों के अधिकारों के उल्लंघन की जांच की मांग की गई।

डिजिटल डेस्क, भोपाल। कांग्रेस नेता और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जा रही ‘सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा’ को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। यात्रा के दौरान स्कूली बच्चों से राजनीतिक नारे लगवाने की शिकायत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने संज्ञान लिया है। आयोग ने मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (DGP) को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो की पीठ के अनुसार, शिकायत में आरोप लगाया गया है कि प्रदेश की सीमा में यात्रा के दौरान बच्चों को शामिल कर उनसे राजनीतिक नारे लगवाए गए। इस संबंध में वीडियो और तस्वीरें इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने की बात भी शिकायत में कही गई है।

बच्चों को पैसे देकर शामिल करने की आशंका, जांच की मांग
शिकायतकर्ता ने आशंका जताई है कि बच्चों को यात्रा में शामिल करने के लिए उन्हें पैसे दिए गए होंगे। साथ ही, बच्चों के अधिकारों और संरक्षण से जुड़े कानूनी प्रावधानों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कराने की मांग की गई है। आयोग ने शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच की आवश्यकता जताई है।

उज्जैन से अयोध्या तक करीब 1,000 किलोमीटर की यात्रा
मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव से भी कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। अब संबंधित अधिकारियों के जवाब और जांच के निष्कर्षों पर नजर रहेगी। गौरतलब है कि दिग्विजय सिंह ने दशहरा के दिन उज्जैन से ‘सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा’ की शुरुआत की थी। तय कार्यक्रम के अनुसार, करीब 1,000 किलोमीटर की यह यात्रा 70 दिनों में पूरी की जानी है।

Source: https://www.amarujala.com/madhya-pradesh/digvijay-singh-yatra-children-slogans-nhrc-notice-mp-report-2026-10-22

Hindi News › Madhya Pradesh › digvijay singh yatra children slogans nhrc notice mp report

दिग्विजय सिंह की यात्रा: बच्चों से नारे लगवाने के आरोप पर मानवाधिकार आयोग सख्त, दो सप्ताह में मांगी रिपोर्ट

न्यूज डेस्क, अमर उजाला, भोपाल Published by: दिनेश शर्मा Updated Thu, 22 Oct 2026 10:06 PM IST

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दिग्विजय सिंह की यात्रा में बच्चों को शामिल करने और उनसे राजनीतिक नारे लगवाने के आरोपों पर संज्ञान लिया है। आयोग ने मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव और डीजीपी से दो सप्ताह में जांच रिपोर्ट मांगी है। बच्चों को पैसे देने और कानूनों के उल्लंघन की भी जांच होगी।

विस्तार

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की यात्रा में बच्चों को शामिल करने और उनसे राजनीतिक नारे लगवाने के आरोपों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर मामले की जांच कराने तथा दो सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। बच्चों को यात्रा में शामिल करने के लिए पैसे दिए जाने के आरोपों की जांच करने को भी कहा गया है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के 22 अक्टूबर 2026 के पत्र के अनुसार, शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि दिग्विजय सिंह की यात्रा में बच्चों का इस्तेमाल किया गया और उनसे राजनीतिक नारे लगवाए गए। शिकायत में कहा गया कि कथित घटना से जुड़े वीडियो और तस्वीरें 22 अक्टूबर को फेसबुक पर साझा किए गए थे। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई कि बच्चों को पैसे देकर यात्रा में लाया गया हो सकता है। इसे बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन बताते हुए जांच और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई थी।

मुख्य सचिव और डीजीपी को जांच के निर्देश

आयोग ने शिकायत में लगाए गए आरोपों को प्रथम दृष्टया बच्चों के अधिकारों के उल्लंघन से जुड़ा मामला माना है। आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता वाली पीठ ने मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 12 के तहत मामले में संज्ञान लिया है। आयोग ने मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिए हैं कि शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच कराई जाए और दो सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

जांच में यह भी पता लगाने को कहा गया है कि क्या बच्चों को किसी तरह का आर्थिक प्रलोभन देकर यात्रा में शामिल किया गया था। इसके साथ ही बच्चों के संरक्षण से जुड़े लागू कानूनों के संभावित उल्लंघन की भी जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। बच्चों के वीडियो और तस्वीरों की भी जांच आयोग ने केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव को भी मामले में कार्रवाई रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। मंत्रालय को बच्चों के कथित वीडियो और तस्वीरों के इस्तेमाल से जुड़े पहलुओं को देखने के लिए कहा गया है।

आयोग के पत्र में संबंधित अधिकारियों से निर्धारित अवधि में रिपोर्ट भेजने को कहा गया है, ताकि मामले में आगे विचार किया जा सके। फिलहाल आयोग के निर्देश शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच और रिपोर्ट प्रस्तुत करने से संबंधित हैं। पत्र में आरोपों को सिद्ध घोषित नहीं किया गया है।

Source: https://hindi.news18.com/news/madhya-pradesh/bhopal-digvijaya-singh-nhrc-raises-questions-regarding-yatra-know-the-reason-local18-10929308.html

दिग्विजय सिंह की यात्रा पर NHRC पर फंसाया पेच, 2 हफ्ते के अंदर मांगा जवाब, जानें पूरा मामला
Written by: गोविन्द सिंह Agency: Local18
Last Updated: October 22, 2026, 22:56 IST

दिग्विजय सिंह अभी सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा उज्जैन से अयोध्या निकाल रहे हैं. यह यात्रा कुल 950 किलोमीटर की मानी जा रही है. उन्होंने इसे गैर राजनीतिक भी करार दिया है. अब इसमें बड़ा पेंच फंसता हुआ नजर आ रहा है, जहां राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव और डीजीपी को नोटिस जारी किया है और इस सिलसिले में दो हफ्ते के अंदर जवाब मांगा है.

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह अभी सनातन यात्रा निकाल रहे हैं. लेकिन अब इसमें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) की एंट्री हो गई है. उसने दिग्विजय की यात्रा में बच्चों से कथित तौर पर राजनीतिक नारे लगवाने के मामले में संज्ञान लिया है. आयोग ने मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव और DGP को आरोपों की जांच कर दो हफ्ते के भीतर एक्शन टेकन रिपोर्ट (ATR) सौंपने का निर्देश दिया है.

बच्चों को पैसे देकर यात्रा में लाने की जताई गई आशंका

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के मुताबिक शिकायत में आरोप लगाया गया है कि यात्रा में बच्चों को शामिल कर उनसे राजनीतिक नारे लगवाए गए. शिकायतकर्ता ने 22 अक्टूबर को फेसबुक पर इस घटना से जुड़े वीडियो और तस्वीरें साझा किए जाने का हवाला दिया है. बच्चों को पैसे देकर यात्रा में लाए जाने की आशंका भी जताई गई है.

क्या बोले NHRC के सदस्य प्रियंक कानूनगो

NHRC के सदस्य प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता वाली पीठ ने शुरुआती तौर पर मामले को बच्चों के अधिकारों के संभावित उल्लंघन से जुड़ा माना है. आयोग ने अधिकारियों को कथित आर्थिक लेन-देन, बच्चों को प्रलोभन देकर शामिल करने और बाल संरक्षण कानूनों के संभावित उल्लंघन की भी जांच करने को कहा है. इसके अलावा, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के सचिव को भी बच्चों के कथित वीडियो और तस्वीरों के इस्तेमाल के मामले में जांच करने का आदेश दिया है. इसके अलावा ATR प्रस्तुत करने का आदेश भी दिया गया है.

उज्जैन से अयोध्या तक निकाल रहे यात्रा

दिग्विजय सिंह हिंदू धर्म को दिए अपने बयानों की वजह से चर्चा में रहे हैं. उनके बयानों की वजह से विरोधी उन्हें निशाने पर भी ले चुके हैं. अब वह उज्जैन से अयोध्या तक सत्य सनातन यात्रा निकाल रहे हैं. यह यात्रा कुल 950 किलोमीटर लंबी बताई जा रही है. उन्होंने इसे गैर राजनीतिक करार दिया है.

दिग्विजय सिंह की गिनती कांग्रेस के कद्दावर नेताओं में होती है. वह 10 साल मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं. वह राज्यसभा और लोकसभा सांसद भी रह चुके हैं. पिछली बार उन्होंने खुद राज्यसभा चुनाव लड़ने से मना कर दिया था.

(रिपोर्ट-रमाकांत दुबे)

Dainik Bhaskar, Online News, 23/10/2026

Source: https://www.bhaskar.com/local/mp/bhopal/news/digvijay-singh-yatra-controversy-nhrc-notice-madhya-pradesh-139457707.html

Hindi NewsLocalMpBhopalNHRC Notice To MP Govt Over Digvijay Singh Yatra Children Controversy

दिग्विजय सिंह की पदयात्रा पर NHRC का नोटिस:बच्चों से नारे लगवाने की शिकायत पर राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने मांगा जवाब
भोपाल10 घंटे पहले

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की यात्रा में बच्चों को शामिल करने और उनसे राजनीतिक नारे लगवाने के आरोपों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने संज्ञान लिया है। आयोग ने मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (DGP) को नोटिस जारी कर मामले की जांच कराने और दो सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट (ATR) प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

आयोग के 22 अक्टूबर 2026 के पत्र के अनुसार, शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि दिग्विजय सिंह की यात्रा में बच्चों से राजनीतिक नारे लगवाए गए। इस कथित घटना के वीडियो और तस्वीरें 22 अक्टूबर को फेसबुक पर साझा किए जाने का भी उल्लेख शिकायत में किया गया है। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई है कि बच्चों को यात्रा में लाने के लिए पैसे दिए गए होंगे। उसने मामले की जांच कर आयोजकों और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

बाल अधिकारों के उल्लंघन के आरोपों की जांच होगी

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता वाली पीठ ने संरक्षण मानवाधिकार अधिनियम, 1993 की धारा 12 के तहत मामले का संज्ञान लिया है। आयोग ने शिकायत में लगाए गए आरोपों को प्रथम दृष्टया बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन प्रतीत होने वाला बताया है।

आयोग ने मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव और डीजीपी को निर्देश दिए हैं कि शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच कराई जाए। जांच में यह भी पता लगाया जाएगा कि क्या बच्चों को पैसे देकर यात्रा में शामिल किया गया था या किसी तरह से उनका इस्तेमाल किया गया। इसके साथ ही लागू बाल संरक्षण कानूनों के संभावित उल्लंघन की भी जांच करने को कहा गया है।

बच्चों के नारे लगाते हुए पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने गुरुवार सुबह वीडियो अपने फेसबुक पेज पर शेयर किया था।

इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को भी नोटिस

आयोग ने केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव को भी निर्देश दिए हैं कि कथित घटना से जुड़े बच्चों के वीडियो और तस्वीरों के इस्तेमाल के मामले को देखें और अपनी कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करें। आयोग ने सभी संबंधित अधिकारियों से पत्र प्राप्त होने के दो सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है।

फिलहाल आयोग के पत्र में आरोपों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। शिकायत में लगाए गए आरोपों की पुष्टि या किसी की जिम्मेदारी तय होने का उल्लेख नहीं है।

20 अक्टूबर को उज्जैन से शुरू हुई यात्रा

दिग्विजय सिंह की करीब 950 किलोमीटर की 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' 20 अक्टूबर को विजयादशमी के दिन उज्जैन से शुरू हुई थी। यात्रा का लक्ष्य ओरछा स्थित रामराजा सरकार मंदिर होते हुए अयोध्या के श्रीराम मंदिर तक पहुंचना है। यात्रा के घोषित उद्देश्यों में धार्मिक स्थलों पर चंदे और चढ़ावे में पारदर्शिता, कथित अनियमितताओं की जांच तथा वोट चोरी के आरोपों पर जवाबदेही की मांग शामिल है।

यात्रा की शुरुआत से पहले उज्जैन में चिंतामण गणेश और महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन-पूजन किया गया था। इसके बाद पार्थिव शिवलिंग पूजन, कन्या भोज

और भंडारे के आयोजन के साथ पदयात्रा शुरू हुई। गुरुवार को तराना पहुंची पदयात्रा यात्रा के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 21 अक्टूबर को पदयात्रा उज्जैन से देवास जिले के सिंदुरिया गांव पहुंची। तीसरे दिन, 22 अक्टूबर को सिंदुरिया से तराना तक 15 किलोमीटर की पदयात्रा के बाद तराना में...

(स्रोत: भास्कर, भोपाल)

Source: https://www.bhaskarhindi.com/politics/allegations-of-children-digvijaya-singhs-tour-human-rights-commission-takes-cognizance-1380678

NHRC सख्त: दिग्विजय सिंह की यात्रा में बच्चों के इस्तेमाल का आरोप, मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान
22 Oct 2026 11:07 PM

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पर अपनी यात्रा के दौरान बच्चों से राजनीतिक नारे लगवाने के आरोपों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने संज्ञान लिया है।

डिजिटल डेस्क, भोपाल। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पर अपनी यात्रा के दौरान बच्चों से राजनीतिक नारे लगवाने के आरोपों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने संज्ञान लिया है। आयोग ने मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (DGP) को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट (ATR) पेश करने का निर्देश दिया है। साथ ही, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव से भी मामले में जांच कर रिपोर्ट देने को कहा गया है।

बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन

आयोग के पत्र के मुताबिक, शिकायत में आरोप लगाया गया है कि दिग्विजय सिंह ने अपनी यात्रा के दौरान बच्चों का इस्तेमाल किया और उनसे राजनीतिक नारे लगवाए। शिकायतकर्ता ने बताया कि कथित घटना के वीडियो और तस्वीरें 22 अक्टूबर को फेसबुक पर साझा किए गए थे। शिकायत में बच्चों के अधिकारों के उल्लंघन की आशंका जताते हुए घटना की जांच कराने और जिम्मेदार आयोजकों तथा अन्य लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। आयोग ने प्रारंभिक तौर पर शिकायत में बच्चों के अधिकारों के उल्लंघन से जुड़े आरोपों को गंभीर माना है। आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता वाली पीठ ने मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 12 के तहत मामले का संज्ञान लिया है।

मुख्य सचिव और DGP को दिए निर्देश

आयोग ने मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव और डीजीपी को निर्देश दिया है कि वे आरोपों की जांच कराएं और दो सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करें। अधिकारियों से यह भी कहा गया है कि बच्चों को किसी उद्देश्य के लिए इस्तेमाल करने के आरोपों और इसके बदले आर्थिक लेन-देन की आशंका की जांच की जाए। यदि कोई उल्लंघन सामने आता है, तो लागू कानूनों के तहत कार्रवाई की जाए। इसके अलावा, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव को कथित वीडियो और तस्वीरों की जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। आयोग ने मामले से संबंधित रिपोर्ट ईमेल के माध्यम से भी भेजने को कहा है।

Source: https://lalluram.com/digvijaya-singh-sanatan-yatra-nhrc-takes-action-over-children-being-made-to-chant-slogans/

दिग्विजय सिंह की सनातन यात्रा पर मानवाधिकार आयोग की बड़ी कार्रवाई, बच्चों से नारे लगवाने पर लिया संज्ञान, मुख्य सचिव और DGP को जारी किया नोटिस

saurabh 22 Oct 2026, 11:34 PM मध्यप्रदेश

संजय पाटीदार, भोपाल। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह की शुरू हुई सत्य सनातन यात्रा को लेकर मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने बड़ी कार्रवाई की है। आयोग ने बच्चों से नारे लगवाने के मामले पर संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव और DGP को नोटिस जारी किया है। NHRC ने नोटिस जारी कर 2 हफ्ते में रिपोर्ट मांगी है।

दिग्विजय सिंह को बच्चों से नारे लगवाना पड़ा भारी

दरअसल, सोशल मीडिया पर दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन यात्रा से जुड़ा एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें कुछ बच्चों से नारे लगवाए जा रहे थे। आरोप है कि बच्चों को पैसे का लालच देकर यात्रा में लाया गया। आयोग ने आरोपों को प्रथम दृष्टया बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन माना। जिसके बाद प्रियंक कानूनगो की पीठ ने मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 12 के तहत मामले में संज्ञान लिया।

Source: https://www.ibc24.in/madhya-pradesh/national-human-rights-commission-issues-notice-to-cs-and-dgp-of-mp-digvijay-singh-satya-sanatan-yatra-mp-3804459.html

सत्य सनातन यात्रा के दौरान दिग्विजय सिंह से हो गई ये गलती? NHRC ने लिया संज्ञान, CS और DGP से मांगा जवाब

सत्य सनातन यात्रा के दौरान दिग्विजय सिंह से हो गई ये गलती? NHRC ने लिया संज्ञान, National Human Rights Commission issues notice to CS and DGP of MP

Deepak Sahu
Published: 22 Oct 2026 | 11:38 pm
Modified: 22 Oct 2026 | 11:59 pm

नई दिल्ली। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन यात्रा को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने संज्ञान लिया है। यात्रा के दौरान बच्चों से राजनीतिक नारे लगवाने और पैसे देकर उन्हें कार्यक्रम में शामिल कराने की शिकायत पर आयोग ने संबंधित राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (DGP) को नोटिस जारी किया है। आयोग ने दोनों अधिकारियों से दो सप्ताह के भीतर मामले की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

जानकारी के मुताबिक दिग्विजय सिंह की उज्जैन से अयोध्या तक की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा 20 अक्टूबर को शुरू हो गई। करीब 950 किमी की यह यात्रा लगभग 70 दिन में अयोध्या के राम मंदिर पहुंचेगी। इसी बीच राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को सत्य सनातन यात्रा के दौरान बच्चों के इस्तेमाल को लेकर शिकायत मिली थी कि यात्रा में बच्चों को पैसे देकर बुलाया गया और उनसे राजनीतिक नारे लगवाए गए। शिकायत में बच्चों को इस तरह की गतिविधियों में शामिल किए जाने पर सवाल उठाए गए हैं।

मुख्य सचिव और DGP से दो सप्ताह में मांगा जवाब
शिकायत को संज्ञान में लेते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मुख्य सचिव और डीजीपी को नोटिस जारी कर रिपोर्ट तलब की है। आयोग ने संबंधित अधिकारियों को जवाब देने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। इस मामले में आयोग की कार्रवाई के बाद अब संबंधित प्रशासन को शिकायत में लगाए गए आरोपों पर अपना पक्ष रखना होगा। रिपोर्ट मिलने के बाद आयोग आगे की कार्रवाई पर निर्णय ले सकता है।

Source: https://www.deshdhwani.com/2026/10/digvijaya-singh-yatra-nhrc-notice-children-mp.html

दिग्विजय सिंह की यात्रा पर NHRC सख्त, बच्चों से नारे लगवाने के आरोप में नोटिस जारी
Deshdhwani NewsOctober 22, 2026

कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' में बच्चों से राजनीतिक नारे लगवाने के आरोपों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने संज्ञान लिया है। आयोग ने मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव और DGP को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जांच रिपोर्ट मांगी है।
शिकायत में आरोप लगाया गया है कि यात्रा में बच्चों को शामिल कर राजनीतिक नारे लगवाए गए और उन्हें पैसे देकर लाने की आशंका भी जताई गई। आयोग ने बच्चों के अधिकारों और संबंधित कानूनों के संभावित उल्लंघन की जांच के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से भी रिपोर्ट मांगी गई है।

Free Press Journal, Mumbai, 23/10/2026
Page No: 21, Size: 14.23cm × 11.91cm

NHRC seeks report on alleged use of kids in Diggi's yatra

Our Staff Reporter
BHOPAL

The National Human Rights Commission (NHRC) has taken cognisance of a complaint alleging that children were involved in former Chief Minister Digvijaya Singh's 'Satya Sanatan Swabhiman Yatra' and made to raise political slogans.

The commission has directed the chief secretary and director general of police (DGP) to investigate the allegations and submit an action taken report (ATR) within two weeks. According to the complaint, videos and photographs of the alleged incident were shared on Facebook on October 22. The complainant expressed concern that children might have been brought to the yatra after being offered money, alleging that their involvement could violate child rights and applicable child protection laws.

Times of India, Bhopal, 23/10/2026
Page No: 7, Size: 18.44cm × 19.10cm

NHRC seeks report on 'use of children' in Digvijaya's yatra

Bhopal: National Human Rights Commission (NHRC) on Thursday issued notices to the Madhya Pradesh chief secretary and the director general of police (DGP), seeking an action taken report (ATR) within two weeks over allegations that children were involved in Congress leader and former chief minister **Digvijaya Singh**'s Ujjain-to-Ayodhya yatra and made to raise political slogans.

Singh began the yatra from Ujjain on Dussehra. According to a communication issued by NHRC Assistant Registrar Brijvir Singh, the complainant alleged that videos and photographs of the incident were shared on Facebook on Oct 22. The complainant also expressed concern that the children might have been brought to the yatra by offering them money, claiming that their involvement violated child rights and relevant legal provisions.

The complaint sought an investigation into the incident and strict legal action against the organisers and others responsible for allegedly involving children in the yatra and making them raise political slogans. The NHRC bench, presided over by its member Priyank Kanoongo, took cognisance of the complaint under Section 12 of the Protection of Human Rights Act, 1993.



The commission has directed the Madhya Pradesh chief secretary and DGP to inquire into the matter and submit an ATR within two weeks for its consideration, the communication stated.

The NHRC has also directed the secretary of Ministry of Electronics and Information Technology (MeitY), Govt of India, to examine the alleged use of photographs and videos of the children and submit an ATR, the communication added. TNN

Times of India, Cochin, 23/10/2026
Page No: 4, Size: 7.28cm × 23.73cm

NHRC directs police to submit ATR on accident

Ramavarman T | TNN

Thrissur: National Human Rights Commission (NHRC) has directed Thrissur Rural Police to take appropriate action on a complaint concerning the deaths of eight engineering students in an accident on NH 66 at Kaipamangalam on Sept 4.

NHRC has asked the rural SP to submit an action taken report (ATR) on the complaint

AT KAIPAMANGALAM

within four weeks. The car in which the students, from Tamil Nadu, were travelling had rammed into a truck parked on the road which was under construction.

When contacted by **TOI**, rural SP Mohammad Nadeemuddin confirmed that he had received the communication. The complaint, filed by Delhi-based social activist Krishna Rajput, raised concerns about road safety measures, parking of a truck on the NH, traffic management, barricading and lack of warning signs.